उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)

मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ

ई–मेल : hajcommittee.up@gmail.com, shcuplko@rediffmail.com] वेबसाइट: hajcommittee.up.gov.in

पत्रांक : जी–।।/1591/एस0एच0सी/2026 दिनांक : 17.03.2026

–: प्रेस विज्ञप्ति :–

हज कमेटी आफ इण्डिया ने सकुर्लर–32 दिनांक 16.03.2026 में अवगत कराया है कि सऊदी अरब सरकार के हज मंत्रालय की गाइडलाइंस के अनुसार सभी हज यात्रियों के लिए मेडिकल स्क्रीनिंग एवं वैक्सीनेशन अनिवार्य है, जिनमें नॉन रेज़िडेंट इण्डियंस (एन0आर0आई0) भी सम्मिलित हैं।

वैक्सीनेशन हज यात्रा से 10 दिवस पूर्व तक भी करवाया जा सकता है, वीज़ा निर्गत होने की अन्तिम तिथि के दृष्टिगत मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाणन 18.03.2026 तक कराया जाना अनिवार्य है।

नॉन रेज़िडेंट इण्डियंस (एन0आर0आई0) हज यात्री जिस देश में भी रह रहे हों वहां के सरकारी अथवा प्राइवेट हेल्थ केन्द्रों से मेडिकल स्क्रीनिंग कराकर फिटनेस प्रमाण पत्र की प्रति राज्य हज समिति को उपलब्ध करा दें। वैक्सीनेशन भारत में उड़ान की तिथि से 10 दिन पूर्व तक करा सकते हैं। नॉन रेज़िडेंट इण्डियंस (एन0आर0आई0) के मेडिकल स्क्रीनिंग व वैक्सीनेशन पर होने वाला व्यय हज यात्री द्वारा स्वंय वहन किया जायेगा। सभी हज यात्री मूल हेल्थ कार्ड सम्पूर्ण यात्रा में अपने साथ आवश्य रखें।

2– हज कमेटी आफ इण्डिया ने सकुर्लर–33 दिनांक 16.03.2026 में अवगत कराया है कि सऊदी अरब सरकार ने सभी हज यात्रियों के लिए अदाही (जानवरों की कुरबानी) की ख़रीद केवल नुसुक मसार पोर्टल पर अदाही प्रोजेक्ट के माध्यम से किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके दृष्टिगत जो हज यात्री जानवरों की कुर्बानी देना चाहते हैं और जिन्होंने अभी तक हज कमेटी आफ इण्डिया के पोर्टल पर इसका विकल्प नहीं चुना है, ऐसे यात्रियों हेतु दिनांक 23.03.02026 तक हज कमेटी आफ इण्डिया की वेबसाइट **hajcommittee.gov.in** पर अपने लॉगिन आईडी से अदाही का विकल्प चुनने का अन्तिम अवसर दिया जा रहा है।

स्टेट हज इंस्पेक्टर्स भी इसका विकल्प चुन सकते हैं, इसपर होने वाला स्टेट हज इंस्पेक्टर्स को स्वयं वहन करना होगा।

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
3. मा0 अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य हज समिति, लखनऊ।
4. मा0 सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति, लखनऊ।
5. प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
6. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
7. समस्त जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।
8. समस्त ट्रेनर, उ0प्र0 ।
9. समस्त स्टेट हज इस्पेक्टर, उ0प्र0
10. समस्त ट्रेनिग सेन्टर/ई–सुविधा केन्द्र, उ0प्र0
11. सूचना अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 ।

Digitally signed by
Sheo Prakash Tiwari
Date: 17-03-2026
15:50:17

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी